हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 जन मन योजना में जनजातीय बस्तियों में ...



07 सिरोंज निरीक्षण में कस्तूरबा गांधी बालिका...



## खबर संक्षेप

### अंदरकिला द्वारकादीश मंदिर में झूला दर्शन प्रारंभ

**विदिशा।** अंदरकिला स्थित प्राचीन द्वारकाधीश मंदिर में हरियाली अमावस्या से झूला दर्शन प्रारंभ हो गए हैं। भक्तों द्वारा शाम 7:30 बजे से हरिराय महाराज को नवीन झूले में झुलाया जाएगा। ठाकुर जी के भक्ति पदों को गाकर झूला उत्सव मनाया जाएगा। प्रतिदिन भक्तों को विभिन्न घटा जैसे लाल, काली, पीली, हरी नीली घटाओं के दर्शन मंदिर में प्रतिदिन होंगे।

### जिला सहकारी संघ में एक पेड़ मां के नाम रोपा गया

**विदिशा।** जिला सहकारी संघ विदिशा में एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपा गया। सहकारिता उपायुक्त ध्रुवकुमार झारिया ने पौधा रोपा। वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक योगेन्द्र सोनी ने भी पौधा रोपा। इस मौके पर सुरेश बरकड़े, एमएस भदौरिया, केसी यादव, किशोर अहरवाल, नितिन श्रीराव, मनोहर रजक, रश्मि धुर्वे, आशा भदौरिया, राजीव सिंघल, ओपी श्रीवास्तव, राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज रोड पर रोपे गए नीम के पौधे



**विदिशा।** भारत भारती संस्कार जैन मंडल द्वारावृक्षारोपण किया गया। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि 20 पौधे नीम के मेडिकल कॉलेज रोड के किनारे लगाए गए। यह मंडल का 68वा पौधा रोपण है। इस इस अवसर पर मुख्य अतिथि गणेश गोयल, विशेष अतिथि संजीव शर्मा, दीपक तिवारी, चिपिन सराफ, अमित दंडोतिया, अमित शर्मा मौजूद रहे।

### नंदमहोत्सव की तैयारियां शुरु, सौंपी जिम्मेदारियां

**विदिशा।** नंद महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां शुरु हो गई हैं। गुरुवार को श्रीराम जानकी मंदिर माधवगंज पर हुई बैठक में कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में कार्यक्रम संस्थापक नारायण सिंह कुशवाहा एवं बल्लू महाराज, अध्यक्ष जसरूप दांगी, संयोजक वीरेंद्र धाकड़ की मौजूदगी में सर्वसम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष पद पर निर्मल कौर पप्पू सरदार और संयोजक पार्षद शिवानी शैलेंद्र सरभैया को मनोनीत किया गया।

### अपहत किशोरी बरामद

**विदिशा।** थाना त्योंदा क्षेत्र से अपहत 16 वर्षीय बालिका को पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया है। प्रकरण में 1 दिसंबर 2024 को अपहरण की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई थी। सायबर सेल और मुखबिर की सूचना के आधार पर 23 जुलाई 2025 को बालिका को बासोदा क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस की इस वर्ष अब तक 240 से अधिक गुमशुदा, अपहत बच्चों को सकुशल बरामद किया जा चुका है।

### जिले में अभी तक 488 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है

**विदिशा।** बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि जिले की तहसीलो में गुरूवार 24 जुलाई की सुबह 8 बजे 15.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 488 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। गतवर्ष अब तक 422.4 मिमी हुई थी। गुरुवार को सर्वाधिक वर्षा शमशाबाद तहसील में 30 और सबसे कम गुलाबगंज तहसील में एक मिमी दर्ज हुई हैं विदिशा में 6 मिमी, बासौदा में नौ मिमी, कुरवाई में 27.2 मिमी, सिरोंज में आठ मिमी, लटेरी में 20.2 मिमी, ग्यारसपुर में 6 मिमी, नटेरन में 17 मिमी तथा पठारी तहसील में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई हैं।

## परेशानी: मुक्तिधाम तक रास्ता नहीं, कीचड़ से खुचते हुए निकाली शवयात्रा

# अंतिम यात्रा में भी सम्मान न मिल पाना अत्यंत शर्मनाक बात हैः जिपं अध्यक्ष

**ग्राम पंचायत सीहोद के अंतर्गत ग्राम चक्क में गांव की एक बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार में ग्रामीणों को अत्यंत परेशानी होने की घटना ने जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने गंभीरता से लिया। जिपं अध्यक्ष ने तत्काल सभी जपं सीईओ को पत्र जारी करके जिलेभर के शमशानों के मौजूदा स्थिति को जानने जियो टेग फोटो मांग लिए हैं।**

शव को जलाने के लिए टायरों का उपयोग



कीचड़ भरे रास्ते से शव यात्रा ऐसे निकली



विदिशा। ग्यारसपुर जनपद की पंचायत सीहोद के ग्राम चक्क में शमशान तक कीचड़ भरे से निकली अर्थी, टायर लगाकर करना पड़ा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीहोद पंचायत के चक्क गांव में शमशान तक पहुंचने रास्ता नहीं है और वहां पर टीनशेड भी नहीं। गुरुवार को कीचड़ भरे रास्ते खुचते हुए शवयात्रा निकाली गई और बरसते पानी में टायर लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ा। यह दृश्य देख ग्रामीण बेहद दुखी हुए और सरकार से कम से कम अंतिम संस्कार के लिए तो साधारण व्यवस्था कराने की मांग रखी। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अंतिम संस्कार भी सम्मान से नहीं होने की घटना को शर्मनाक करार दिया है।

गांव के युवक जगदीश लोधी ने बताया कि सीहोद पंचायत अंतर्गत चक्क गांव है और यहां की आबादी करीब 500 है, लेकिन शमशान तक पहुंचने के लिए रास्ता ही नहीं है। कीचड़ भरे रास्ते से निकलना पड़ा। वहां पहुंचे तो टीनशेड नहीं। शव को जलाने के लिए गांव वालों ने अपने घरों की टीन लगाकर अस्थाई शेड बनाया। तब जाकर बरसते पानी में अंतिम संस्कार हो सका। चिता धुआं धुआं होती रही। इसके बाद टायर लगाना पड़े। यह दृश्य देख शोकाकुल परिजनों के साथ शवयात्रा में शामिल ग्रामीणजन भी दुखी होकर व्यथित हो गए। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने यह जानकारी लगते ही निर्देश दिए हैं कि 15वें वित्त सहित केन्द्र से प्राप्त राशि से मुक्तिधामों का कार्य कराएं। लेकिन प्रशासनिक कारणों से नहीं हो सका। पंचायत सचिव रामसिंह रघुवंशी का कहना है कि चक्क में मुक्तिधाम बनाया जा रहा था लेकिन किसी आपत्ति के चलते तत्कालीन तहसीलदार ने टीनशेड् का निर्माण रुकवा दिया था। इसलिए मुक्तिधाम नहीं बन सका।

# जतरापुरा का राहुल उफनती बेतवा में नहाते समय बह गया

### बुधवार शाम को बहा, गुरुवार तक नहीं मिला



विदिशा। पानी में डूबे युवक को खोजने का प्रयास करते हुए गोताखोर।

- लगातार बारिश में गोताखोरों को खोजने में आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के चरणतीर्थ घाट पर बुधवार शाम जतरापुरा निवासी युवक राहुल बेतवा नदी में नहाने समय बह गया। यह घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे की है। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। होमगार्ड के गोताखोर बुधवार की शाम से गुरुवार की शाम तक नदी में खोजते रहे लेकिन युवक नहीं मिला।

पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीईआरएफ को सूचित किया। एसडीईआरएफ की टीम गोताखोरों, वोट और अन्य जरूरी संसाधनों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू की गई। लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण रात में रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा।

### सुबह 5.30 से शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। लगातार बारिश के चलते बेतवा नदी का जलस्तर इन दिनों बारिश के कारण बढ़ा हुआ है, जिससे गोताखोरों को तलाश में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 10 बजे तक युवक की तलाश जारी रही, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। डूबे युवक की पहचान जतरापुरा निवासी राहुल के रूप में हुई है। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस लगातार मौके पर मौजूद हैं और सर्च ऑपरेशन जारी रखने की बात कही गई है।

## समाजसेवी बंसल की याद में लगा शिविर

**विदिशा।** शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय रामेश्वरदयाल बंसल की याद में चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस मौके पर समाजसेवी देवेश आर्य ने बताया कि श्री बंसल विदिशा व्यापार संघ के संस्थापक होने के साथ महान संत रणछोर दासजी के अनन्य भक्त थे। उन्होंने सार्वजनिक भोजनालय समिति सहित रेलवे स्टेशन पर जलसेवा की अनुपम सेवा प्रारंभ की। इससे विदिशा का नाम बेहत सम्मान से लिया जाता है। इस अवसर पर एडवोकेट विमलप्रकाश तारण, एड. अनिल गोहिल, अनिल पुरोहित, कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम बंसल, ब्रम्हसिंह, कमल रैकवार, देवेन्द्र वर्मा, प्रेमनारायण आर्य सहित अनेक समाज सेवकों एवं शशी आर्य, आशा तारण, आरती मेर उपस्थित रहीं। डॉ. संजुल बंसल, डॉ. चर्चित बंसल, डॉ. श्रेया बंसल का भी स्वागत कर सेवा में लगे रहने का आव्हान किया।

# मानोरा पुलिया पर फंसी गर्भवति पुलिस ने रस्सी के सहारे निकाला

### मोहम्मदगढ़ की महिला को विदिशा पुलिस ने एसपी के निर्देश पर निकाल कर पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



लगातार हो रही बारिश के कारण जब मनोरा पुलिया उफान पर थी और रास्ता पार करना बेहद जोखिम भरा हो गया था। ऐसे विकट समय में ग्यारसपुर थाना पुलिस और होमगाड्र्स के जवानों ने अदम्य साहस और मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की।

मोहम्मदगढ़ निवासी गर्भवति महिला बारिश के चलते मनोरा पुलिया पर फंस गई थी। पानी का बहाव इतना तेज था कि पुलिया पार करना किसी खतरे से खाली नहीं था। लेकिन सूचना मिलते ही थाना ग्यारसपुर की पुलिस टीम और होमगाड्र्स मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए महिला को सुरक्षित पुल पार कराया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के दिशा-निर्देशन में। नेतृत्व कर रहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा राय की अगुवाई में पुलिस बल और होमगार्ड जवानों ने मिलकर महिला को सुरक्षित निकालकर तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

## नशे से दूरी है जरूरी एसएटीआई में छात्रों को बताये दुष्परिणाम

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नशे से दूरी है जरूरी यह महत्वपूर्ण अभियान एसपी रोहित काशवानी के द्वारा जिले में चलाया जा रहा है। गुरुवार को आधा दर्ज पुलिस थानों के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। विदिशा में यह अभियान एसएटीआई कॉलेज में हुआ। कॉलेज में करीब 150 से अधिक छात्र-छात्राओं को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह सहित सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक विमलेश राय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि परिवारों को तोड़ता और सामाजिक प्रतिष्ठा को नष्ट करता है। कार्यक्रम के दौरान 150 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। यह आयोजन समाज में नशे के विरुद्ध एक सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# पठारी में चोर ने सलवार सूट पहनकर दुकानों व मंदिरों को बनाया निशाना

### कैमरे में दो घंटे तक चोरी करता रहा और पुलिस की गश्त नजर नहीं आ रही है



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पठारी में बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात में अज्ञात चोर ने सलवार सूट पहनकर घटना को अंजाम दिया।

चोरी की इस वारदात में दो मंदिर, मुख्य बाजार स्थित एक ज्वेलर्स दुकान और बसस्टैंड स्थित दो दुकानों को निशाना बनाया। जिसमें चोर ने तीन मोबाइल और लगभग 15 हजार नगद रुपए की चोरी की है। यह घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। घटना को अंजाम देने में 2 घंटे का समय लगा।

सीसीटीवी कैमरा और ग्रामीणों के अनुसार पुलिस की गस्त नजर नहीं आई। प्राचीन बड़ी माता मंदिर सिद्ध क्षेत्र पठार वाले हनुमान मंदिर के अज्ञात चोर ने ताले तोड़े। जिसमें बड़ी माता मंदिर की दान पेटी से नगद चोरी हो गई है। सीसीटीवी में कैद घटना में चोर महिला के भेष में दिख रहा है। जो सलवार सूट में जो मेहरून कलर की कुर्ती और क्रीम पिस्ता कलर की सलवार पहने है। मुंह पर पिंक कलर का दुपट्टा बंधा है। चोर शातिर है, जो अपने हाथ में लोहे की रॉड लेकर बेखौफ होकर घटना को अंजाम देता हुआ घूमता रहा।

### सेंट्रल लॉक ने चोरी होने से बचाई

मंदिरों की चोरी के बाद चोर ने मुख्य बाजार और बस स्टैंड को निशाना बनाया। जिसमें सीताराम साहू की मुख्य बाजार स्थित सर्राफा दुकान के ताले चोर ने तोड़ दिए, लेकिन शटर का सेंट्रल लॉक लगे होने के कारण चोर दुकान की शटर नहीं खोल सका। जिससे बड़ी चोरी की घटना होने से बच गई। ताला को तोड़ने में चोर को लगभग एक घंटा का समय लगा। यह घटना सर्राफा दुकान के सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई। इस दौरान बाजार में पुलिस और रहवासी हरकत में नजर नहीं आए। उधर बसस्टैंड पर प्रशांत शर्मा की मोबाइल की दुकान से तीन मोबाइल और लगभग 7 हजार नगद रुपए की चोरी की है। वहीं राजू साहू की जूता दुकान के ताले तोड़े लेकिन चोरों ने चोरी नहीं की। वहीं चोर हनुमान मंदिर की दान पेटी के ताले नहीं तोड़ सके।

## एपीसी व जनशिक्षक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**शमशाबाद।** एपीसी दिनेश कुमार विश्वकर्मा और जन शिक्षक दिनेश श्रीवास्तव एवं प्रदीप सोनी द्वारा प्राथमिक शाला भगवानपुर का निरीक्षण किया। शाला प्रभारी रैनी दिनकर अनुपस्थित थी। कोई भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। प्राथमिक शाला शालाखेड़ी में छात्रों की बहुत कम उपस्थिति पाई गई। छात्रों की पढ़ाई का स्तर कक्षा अनुरूप नहीं पाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला सनगन पूर्ण रूप से 11:18 पर बंद पाई गई। शासकीय प्राथमिक शाला महूठा में पदस्थ शिक्षक उपस्थित मिले एवं छात्रों की कम उपस्थिति मिली। शिक्षक को निर्देशित किया गया कि अनुपस्थित छात्रों की पालकों से संपर्क कर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास किया जाए। शासकीय माध्यमिक शाला महूठा में छात्रों की बहुत कम उपस्थिति और छात्रों की पढ़ाई का स्तर सामान्य पाएगा। अंग्रेजी विषय की दक्षताएं कक्षा अनुरूप नहीं पाई गईं। शासकीय बालक प्राथमिक शाला शमशाबाद, शासकीय कन्या प्राथमिक शाला शमशाबाद में समस्त स्टॉफ उपस्थित मिला एवं छात्रो की पढ़ाई का स्तर कक्षा अनुरूप मिला।

## सुबह छह बजे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले सीएमओ सफाई

**शमशाबाद।** सीएमओ अनिल बिदुआ ने सुबह 6 बजे से वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी वार्डों में नियमित रूप से सड़क, नालियों की सफाई हो ताकि पानी का उचित निकास हो सके और बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। नालियों के किनारे गलियों में दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। सीएमओ अनिल बिदुआ ने नागरिकों, व्यापारियों से भी अपील की कि घरों, दुकानों का कचरा सड़क पर ने फेंके। आसपास के क्षेत्रों को साफ रखें और कचरा वाहन में ही कचरा डालें। दो सप्ताह पहले ही अनिल विदुआ विदिशा से आकर नगर परिषद सीएमओ का पदभार संभाला है। तब से रोज सुबह व शाम को वार्डों में घूमकर निरीक्षण कर रहे हैं।

## जब कोई गलत कर्मों से इस संसार को नुकसान पहुंचाता है तो भगवान इस धरा पर अवतार लेते हैंः पंडित पाठक

**शमशाबाद।** शिवालय चौक शिव मंदिर पर 7 दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 1 लाख पार्थिव शिव लिंग बनाए जा रहे हैं। कथा वाचक पंडित राजकुमार पाठक ने भगवान के 24 अवतारों और समुद्र मंथन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है, जहां चौरासी लाख योनियों के रूप में कई तरह के फूल खिले हुए हैं। जब कोई अपने गलत कर्मों से इस संसार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तब भगवान इस धरा पर अवतार लेकर सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार करते हैं। मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है।

## इफको ने उपलब्ध कराए 25 हजार नीम के पौधे

**विदिशा।** सहकारी संस्था इफको एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में जिले के ग्राम बरखेड़ी में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान अभियान के तहत नीम के पौधे लगाए गए हैं। इफको द्वारा जिले में 25 हजार नीम के पौधे उपलब्ध कराए गए हैं। पौधरोपण अभियान में उपसंचालक कृषि केएस खपेड़िया, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं ध्रुव झारिया, सीसीबी सीईओ विनय प्रकाश सिंह, डीडीए श्यामलाल सोलंकी, महेंद्र कुमार ठाकुर, इफको से संजीव सिंह, संतोष रघुवंशी, कुमार मनेन्द्र मौजूद रहे।

## सर्वोदय मंडल की आयोजित बैठक में गांधीवादी हुए शामिल

# गांधी के संकल्प व सातत्य को जीवंत रखने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सर्वोदय मंडल विदिशा की बैठक वरिष्ठ गांधीवादी डॉ. सुरेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें उत्तरप्रदेश सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष रामधीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अपने प्रेरक संबोधन में उन्होने कहा कि गांधीजी का दर्शन संकल्प और सातत्य का प्रतीक है। उन्होंने 1948 में विनोबा भावे द्वारा स्थापित सर्व सेवा संघ के सृजनशील प्रयोगों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संगठन नागरिकों के चारित्रिक गठन और समाज में मूल्यों के प्रसार के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज को चेतनशील और चिंतनशील बनाना संगठनों का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। रामधीरज सिंह ने गांधीजी के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।





विदिशा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए गांधीवादी।

### गांधी दर्शन को आगे ले जाने मंथन

बैठक में गांधीजी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मध्यप्रदेश सर्वोदय मंडल के सचिव अंकित मिश्रा और भोपाल सर्वोदय मंडल के कार्यालय प्रभारी मोहन दीक्षित ने रामधीरज सिंह का परिचय दिया। स्वागत भाषण जिला संयोजक मोहित रघुवंशी ने दिया, जबकि प्रो. राजित राम द्विवेदी ने बैठक के महत्व को स्पष्ट किया। जिला अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने सभी से एकजुट होकर गांधीवादी मूल्यों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। डॉक्टर राजेश बंसल और देवेश आर्य ने रामधीरज भाई का स्वागत किया। रामधीरज ने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक और व्यवसाय को सम्मान मिले, ताकि सभी को अपने जीवन में गरिमा का अनुभव हो। यह विचार गांधीजी का है इसे अहिंसा से ही साकार किया जा सकता है। इस मौके पर रामधीरज सिंह ने सर्व सेवा संघ, बनारस को बचाने के लिए अक्टूबर में प्रस्तावित बनारस से दिल्ली पदयात्रा में सहयोग करने का आह्वान किया।

# एक लाख पौधे लगाने एक लाख किमी की यात्रा पर निकले सुबोध

### बेतवा उत्थान समिति ने विदिशा में किया स्वागत





**विदिशा।** रायगढ़ महाराष्ट्र के सुबोध विजय साइकिल से आम जनता को पर्यावरण से जागरूकता करने भारत यात्रा पर निकले हैं। जो आठ राज्यों से होते हुये विदिशा बेतवा तट पर पहुंचे। श्रमदान में भाग लेकर दो पौधो का रोपण किया गया। सुबोध विजय ने बताया कि भारत के 28 राज्यों में साइकिल से यात्रा के दौरान 1 लाख पेड़ लगाने और आम जनता को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए यह यात्रा है। पंजाब, जम्मू कशमीर, लेह-लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, राजस्थान के बाद अभी मप्र पहुंचा हूं। मैं 1 लाख किमी की साइकिल यात्रा कर मांउट एवरेस्ट की यात्रा कर अपने पर्यावरण जागरूकता मिशन पूरा करूंगा। बेतवा उत्थान समिति के सचिव राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में विदिशा नगर का प्रत्येक व्यक्ति जागरूक है। लोगों ने समिति के साथ मिलकर 5 हजार से ज्यादा पौधे रोपे हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर में 9 मिमी वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर गुरूवार को सुबह आठ बजे 15.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 488 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। गुरूवार को गंज बासौदा में 9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### नपा ने कराई वार्डों में साफ-सफाई



**गंजबासौदा।** गुरुवार को नगरपालिका सफाई अमले ने बारिश को ध्यान में रखते हुए वार्डवासियों की परेशानियों को देखते हुए नगर के अनेक वार्डों में साफ, सफाई कराई गइ। इस दौरान वार्ड क्रमांक 21 में नाली एवं जल निकासी की व्यवस्था कराई गई। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वार्ड पार्षद नारायण सोनी, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, स्वास्थ अधिकारी आरके नेमा उपस्थिति थे। वहीं वार्ड नंबर 6 में गली की साफ, सफाई करवाई गई। उक्त सफाई अभियान दौरान संतोष प्रभारी दरोगा, शीतल खरे प्रभारी मेट की मौजूदगी में चलाया गया। वहीं त्योंदा रोड पर सफाई कार्य का निरीक्षण स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान के द्वारा किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 17 शिव मंदिर के पास भागवत कथा हेतु सफाई कार्य का निरीक्षण जावेद खान स्वच्छता निरीक्षक द्वारा किया गया। वहीं अनेक स्थानों पर बारिश होने से विभिन्न स्थानों पर नालियों में से कचरा हटाकर पानी की निकासी कार्य किया गया। इस दौरान नपा सफाई कर्मियों ने जेसीबी मशीन की सहायता से कचरे को हटाया गया एवं नाले, नालियों की साफ, सफाई की गई।

### नाले में बही बाइक सवार सुरक्षित बचे

**त्योंदा।** गुरुवार को इलाके में हुई तेज बारिश के चलते ग्राम करई छेवला नाले पर पानी का बहाव अधिक होने पर साईखेड़ा निवासी बाइक चालक गंजबासौदा की ओर से साईखेड़ा अपनी पत्नी के साथ नाले को पार कर अपने घर जा रहा था तभी पुल पर पानी का अधिक बहाव होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बहने लगी। जिसे वहां मौजूद लोगों ने बमुश्किल पकड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि साई खेड़ा स्थित पुलिया नीची होने के कारण थोड़ी देर तेज बारिश होने पर पानी पुलिया के ऊपर हो जाता है।

# नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का प्रर्यावरण संरक्षण में प्रेरक कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के ग्राम सेक्टर गमाकर के शिव मंदिर पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, राजेश तिवारी, रूपेश लाड़, कमल सिंह रघुवंशी, जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव, ममता राठौर विकासखंड समन्वयक द्वारा शिव जी की पूजन अर्चन एवं कलश पूजन कर किया गया। सेक्टर की नवांकुर संस्था राजेंद्र सिंह रघुवंशी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांचरोद द्वारा नवांकुर सखियों को बीज रोपित थैलियों का वितरण किया गया। नवांकुर सखी द्वारा इन बीजों को रोपित, अंकुरित कर पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उनकी देखभाल की जाएगी। ग्राम में नवांकुर सखियों द्वारा बड़े ही धूमधाम से कलश यात्रा का आयोजन किया गया। नवांकुर सखी द्वारा भजन प्रस्तुति की गई। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। यात्रा में महिलाएं, ढोल मंजीरा सहित भजन, कीर्तन करती नजर आईं तथा पर्यावरण संरक्षण के पोस्टर व उद्घोष के साथ कलश यात्रा निकाली व मंदिर की परिक्रमा की गई। साथ ही मंदिर प्रांगण में त्रिवेणी के पौधों का रोपण किया गया।

विकास खंड के पांचों सेक्टर में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक सेक्टर में नवांकुर संस्था द्वारा महिलाओं को 11-11 पौधौं का वितरण किया जाएगा। इस प्रकार विकास खंड में 3500 पौधे लगाए जायेंगे जिन्हें महिलाएं सखी बना कर पोषित करेंगी। नवांकुर संस्था रामचरन कुशवाह, देवेंद्र कुमार साहू, परामर्शदाता सीमा शर्मा





नवांकुर संस्था अमित शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुरजन सिंह रघुवंशी, मोहन सिंह रघुवंशी, सरिता रघुवंशी, बलवीर गुर्जर, कामता प्रसाद सहित समस्त ग्रामवासियों द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता की गई।

## जनजातीय समाज के उत्थान के लिए संकल्पित है भाजपा: हरिसिंह रघुवंशी

# जन मन योजना में जनजातीय बस्तियों में 20 करोड़ रुपए की सड़कें बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों की जनजातियों बस्तियों के लिए विधायक हरिसिंह रघुवंशी के प्रयासों से प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत करीब 20 करोड़ रुपए की विभिन्न सड़कें स्वीकृत हुई हैं। विधायक ने बताया कि जनजातीय समाज के उत्थान और विकास के लिए मुख्य कड़ी है परिवहन की सुविधा। इसलिए 12 सड़कें विभिन्न ग्रामों में स्वीकृत हुई हैं जिनके निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होंगे। विधायक बोले कि पिछली सरकारों ने जनजातीय समाज के उत्थान पर ध्यान नहीं दिया जिसके कारण उनकी गिनती सबसे पिछड़ी समाजों में होती रही 70 वर्षों में न तो उन्हें कोई सुविधाएं मिली न ही उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए कोई प्रयास हुए बल्कि उन्हें समाज से काट कर



उन्हें एक अलग बस्ती में बसा दिया गया। भाजपा का मुख्य उद्देश्य है समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का विकास। इसीलिए भाजपा सरकार में जनजातीय समाज के उदय के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। अच्छी चिकित्सा व शिक्षा मिले इसकी चिंता भी की जा रही है, शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित हैं। प्रधानमंत्री पक्के आवास की बात हो चाहे जनजातीय वस्तियों में बिजली व पानी की व्यवस्था हो यह सब भाजपा की सरकार के द्वारा ही की गई हैं। इसी कड़ी में जनजातीय समाज की बस्तियों के लिए 20 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न सड़कें स्वीकृत हुई हैं जिसके लिए विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान , प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत सभी वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इन सडकों में उदयपुर से महोली उदयपुर मार्ग जिसकी दूरी करीब 2.3 किलोमीटर है जिसकी लागत 161.52 लाख रुपए है। नहारिया से खोंगरा मार्ग की कुल दूरी करीब 3.7 किलोमीटर है जिसकी लागत3 करोड़ 7 लाख रुपए है। पधार से खजूरी सेहरिया बस्ती मार्ग जिसकी दूरी 900 मीटर आंकी गई है जिसकी कुल लागत 71.30 लाख रुपए स्वीकृत हुई है। अजीजपुर भेडरू से आकाडोडा जनजातीय बस्ती मार्ग की दूरी करीब 4.2 किलोमीटर है जिसकी कुल लागत 276.96 लाख रुपए है। गुलाबगंज रोड से परसौरा जगीर मार्ग की कुल दूरी 1.4 किलोमीटर है जिसकी कुल लागत 1 करोड़ 7 लाख रुपए है। सतपाड़ाकलां से सतपाडाकलां टपरा तक सड़क निर्माण जिसकी दूरी 1.1 किलोमीटर है जिसकी कुल लागत 69.03 लाख रुपए है। दैलबाडा से दैलवाडा जनजाति बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी कुल दूरी 1.1 किलोमीटर है व उसकी कुल लागत करीब 76.66 लाख रुपए है। गमाखर से गमोलीखेड़ा तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी कुल दूरी 2.1 किलोमीटर आंकी गई है। जिसकी कुल लागत करीब 168 लाख रुपए है। भिलाय से भिलाय कालापाठा जनजातीय बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य जिसकी दूरी 5.4 किलोमीटर है जिसकी कुल अनुमानित लागत 3 करोड़ 92 लाख रुपए है। नोघई से टपरा सागर तक सड़क निर्माण जिसकी लंबाई 3.8 किलोमीटर है जिसकी कुल अनुमानित लागत 265.82 लाख रुपए आंकी गई है। गोरिया टप्पा से रहीशनगर / गोरिया आदिवासी बस्ती तक सड़क निर्माण जिसकी दूरी करीब 1 किलोमीटर है व जिसकी अनुमानित कुल राशि 72 लाख रुपए स्वीकृत हुई है।

## मस्जिद के पास खुदाई में मिला शिवलिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को ग्राम उदयपुर में चौखंडी वाली मस्जिद के पास खुदाई के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग मिला है। जिसकी स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद अधिकारी पुरातत्व विभाग के साथ मौके पर पहुंचे और शिवलिंग को पूरी तरह मिट्टी से बाहर निकाला। पुरातत्व विभाग के रामनिवास शुक्ला ने बताया कि यह शिवलिंग 16वीं-17वीं शताब्दी का है। इसकी ऊंचाई लगभग 3 फीट है। जिस स्थान पर शिवलिंग मिला है, वहां निजाम नामक व्यक्ति अपने भवन का निर्माण करवा रहा था। घटना बैना मोहल्ला की है, जेसीबी मशीन की सहायता से शिवलिंग के ऊपर मटेरियल डाल कर ढक दिया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो यह शिवलिंग के पास बेस दिखाई दे रहा है उस बेस पर शिवलिंग के ठीक सामने नंदी महाराज विराजमान थे जो अब वहां से गायब हैं।



### राज्य स्तरीय कुश्ती ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में किया प्रदर्शन

**गंजबासौदा।** मंदसौर में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में नगर के बच्चों ने प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। प्रतियोगिता में देव रघुवंशी और केशव यादव ने गोल्ड मेडल जीत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मयंक और योगेश मालवीय ने सिल्वर मेडल जीत कर अपने जिले का नाम रोशन किया। अंकुश तिवारी और पीयूष रघुवंशी ने भी कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी पदक विजेताओं को और उनके कोच रूपेश अहिरवार को विकासखंड खेल समन्वयक द्वारा बधाईयाँ दी गईं। बच्चों की सफलता ने जिले एवं नगर का नाम रोशन किया है। शुभचिंतकों, शिक्षकों, परिजनों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पंचतत्व ने पौधे रोपकर मनाया अपना स्थापना दिवस


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पंचतत्व संरक्षण समिति प्रतिवर्ष हरियाली अमावस्या के दिन पौधारोपण कर अपना स्थापना दिवस मनाती है। आज ही के दिन से पंचतत्व ने पौधे लगाने का कार्य शुरू किया था। विगत दो दशक से भी अधिक समय से समिति पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनजागरण करती आ रही है। इस वर्ष समिति ने नगर के शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में पौधारोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, रक्त सेवा समिति संरक्षक राजेश तिवारी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी, स्टेट बैंक मैनेजर आशुतोष सोनी, एसजीएस प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर एवं पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह दांगी की उपस्थिति में जामुन, आम, जाकरंडा , पीपल किस्म के पौधों का रोपण किया गया। पौधे समिति ने उपलब्ध कराए, उनकी सुरक्षा के लिए आयरन ट्री गार्ड समिति



के सदस्यों ने परिजनों को समर्पित किए। समिति सदस्य स्व. महेश व्यास की स्मृति में व्यास परिवार ने, सदस्य स्व. महेश गुप्ता की स्मृति में गुप्ता परिवार द्वारा, स्व. लक्ष्मीबाई दांगी कुल्हार की स्मृति में अन्वी दांगी दांगी परिवार ने, स्व. कुंदनबाई अहिरवार की स्मृति में एल आर अहिरवार द्वारा, स्व. अर्चना जैन के जन्मदिन के अवसर पर विमल जैन ने, 5 पौधे संरक्षण के लिए भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच ने दिए। इस अवसर पर पंचतत्व के प्रमोद सिंह राजपूत ने बताया समिति पिछले 5 पांच वर्षों से इस ग्राउंड में पौधे लगाती आ रही है। हम लगभग 50 पौधे रोपण कर चुके हैं जो पेड़ बन गए। सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने नगर में पौधा लगाने पर बचाने के अभियान का श्रेय पंचतत्व संरक्षण समिति को देते हुए कहा कि समिति के एसजीएस कॉलेज में पौधों को बढ़ाने का कार्य धर्मेंद्र सिंह और उनके मित्रों द्वारा किया जा रहा है वह सराहनीय है। वे भरी गर्मी में भी पानी देकर बड़ा कर रहे हैं। इस अवसर स्टेट बैंक के मैनेजर ने समिति के सदस्य नरेश दांगी, वीरेंद्र दांगी, धर्मेंद्र दांगी को 100 फिट की नली पानी देने के लिए भी भेंट की। इस अवसर पर प्रमोद सिंह राजपूत, प्रवीण भावसार, मनोज राठौर, सन्देश जैन, विजय अग्रवाल, मनोज यादव, द्वारका चौरसिया, रवि गुप्ता, प्रमोद जैन, राकेश खंडेलवाल, राजेन्द्र व्यास, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, धीरेन्द्र सिकरवार, राकेश पुरोहित, अरुण दांगी, बबलू दांगी, राकेश, नरेश दांगी ब्रजेन्द्रसिंह, रमन सिंह, अमित दांगी, अशोक भावसार, जगदीप सिंह राजपूत, रामबाबू श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास सहित बैंक से आशुतोष सोनी मुख्य प्रबंधक रविन्द्र ननहोरे, पवन वर्मा, सुमित कुमार ,अभिलाषा पितलिया, अंकित रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## नवीन भवन के लिए 5 करोड़ स्वीकृति पर माना मंत्री का आभार



**गंजबासौदा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनपद पंचायत के नवीन भवन हेतु 5 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इस उपलब्धि पर जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा मंत्री पटेल के निवास पर पहुंचकर सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि विगत दो माह पूर्व मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनपद पंचायत में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पंच, सरपंच संवाद कार्यक्रम में जनपद भवन को देखा था एवं तत्समय ही नवीन भवन की घोषणा की थी। जब यह भवन बनकर तैयार होगा तो निश्चित ही इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा तथा आधुनिक तकनीकी से लेस होने के कारण अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य करने में सुगमता होगी। जनपद पंचायत को नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने एवं इस उपलब्धि के लिए नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान, ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल व क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया है।




### कलेक्टर के प्रवेश दिलाने के आदेश दिए जाने से छात्राओं में हर्ष की लहर

# सिरोंज निरीक्षण में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने सुनाया अपना दर्द

**वेयर हाउस के निरीक्षण करने कीचड़ व गड्ढों से गुजरे कलेक्टर, किसान का क्या होता होगा?**





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता का सिरोंज में काफी व्यस्त भ्रमण कार्यक्रम रहा। तो वही कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओ की वर्षो से मांग थी कि छात्रा लगभग 4 किलो मीटर का पैदल सफर तय कर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विघालय जाती थी। तो वही छात्रावास की निवासरत छात्राओं का कहना था कि वर्षो से हमें स्कूल जाने के लिए वाहन की सुविधा दी जाए। लेकिन कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने छात्राओं की समस्या को देखते हुए छात्रावास के समीप शासकीय मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल में छात्राओं को प्रवेश देने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया। तो वही कलेक्टर के आदेश के बाद छात्राओं में एक अलग ही खुशी देखी। अब छात्रावास की लगभग 100 छात्राएं मॉडल स्कूल में अध्ययन करेगी।

जैसे ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता नगर के तहसील रोड स्थित खाद्य वेयर हाउस का निरीक्षण करने के लिए पहुचें तो वेयर हाउस जाने वाला मार्ग कीचड में तबदील होने के कारण कलेक्टर अंशुल गुप्ता को पानी से भरे गडडो और कीचड से होकर गुजरना पडा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब भी कोई किसान इस बारिश के मौसम में खाद्य वेयर हाउस जाता होगा और जब वह खाघ लेकर वापस आता होगा तो उसका क्या हाल होता होगा। क्योकि अक्सर देखा जाता है कि जब भी कोई किसान वेयर हाउस से खाघ लेकर आते है तो वेयर हाउस जाने वाले मार्ग पर कीचड व गडडे होने के कारण किसान कई बार गिरकर घायल हो जाते है।

## आईटीआई और पॉलिटेक्निक में छात्र संख्या बढ़ाने पर दिया बल

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज क्षेत्र में भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों तथा क्रियान्वित शासकीय कार्यों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सर्वप्रथम उन्होंने सिरोंज के आईटीआई शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने आईटीआई के साथ-साथ पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया है। आईटीआई और पॉलिटेक्निक में छात्र संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण छात्रों का किस तरह आईटीआई और पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए रुझान बड़े इसके लिए विशेष कार्य करने होंगे। उन्होंने कस्तूरबा बालिका छात्रावास की बालिकाओं के लिए बारिश से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की ओर पहल करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने संस्कृत पाठशाला भवन के लिए किये जा रहे कार्यों और मॉडल स्कूल में लाइब्रेरी और कंप्यूटर की सुविधा छात्रों को मुहैया हो इसके लिए विशेष कार्य करने के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दिए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने सिरोंज के सीएम राइज स्कूल के पहुंच मार्ग में आ रही दिक्कतों को दृष्टिगत रखते हुए छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने की विशेष व्यवस्थाएं बनाने के लिए स्थानीय एसडीएम को निर्देशित किया है।



## देवपुर मंदिर पहुंचकर की पूजा अर्चना

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सिरोंज के देवपुर मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और श्रद्धालुगणो के लिए मुहैया कराई जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया है। कलेक्टर ने सावन माह में देवपुर मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम को बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने मंदिर कमेटी द्वारा दिए गए सुझाव प्रस्तावों पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नवीन मंडी सिरोंज का भी निरीक्षण किया और आशा व्यक्त की है कि शीघ्र ही नवीन मंडी बनने के प्रस्ताव पर भी सहमति मिल सके इसके लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वाटरशेड में क्लस्टर में क्रियान्वित कार्यों का भी अवलोकन किया एवं नवीन कार्यों को प्रारंभ करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

रोंज के पामाखेड़ी में संचालित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर चिकित्सकों की उपस्थिति तथा मरीजों को प्रदाय सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और निरीक्षण टीप पंजी पर मतांकन अंकित किया है। सिरोंज में भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम बाबूलखेडी में आंगनबाड़ी केंद्र और शासकीय प्राथमिक शाला में पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इसके अलावा बाबूलखेडी में बनाए गए अमृत सरोवर तालाब में जल भराव की स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। यहां छात्राओं द्वारा सांदीपनि स्कूल की बस ग्राम तक पहुंचे के संबंध में कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया। वही इस संबंध में शीघ्र ही परीक्षण कर व्यवस्थाएं क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए गए है।

### तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की मांग

# सांसद डॉ लता वानखेडे ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने लोकसभा सत्र के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर सागर संसदीय क्षेत्र सागर के लिए तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की मांग की। जो क्षेत्र की जनता की सुविधा, आर्थिक प्रगति और यातायात सुधार की दृष्टि से बेहद ज़रूरी सिद्ध होगी।

इस अवसर पर मुलाकात के दौरान सागर सांसद डॉ. लता गुड्डु वानखेड़े ने जो तीन प्रमुख सड़क परियोजनाओं की मांग की उनमें मुख्यतः बीना से कुरवाई, महलुआ तक नया नेशनल हाईवे (एनएच) बनाया जाए। यह सड़क बीना, कुरवाई, शमशाबाद, सिरोंज, लटेरी और खुरई विधानसभा के लिए लाभकारी होगी। जिससे यात्रा में समय की बचत होगी और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। बीना शहर के लिए रिंग रोड (बायपास) का निर्माण किया जाए। जिससे बीना शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही कम होगी। ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी और स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी। सागर से कटनी तक 4 लेन सड़क का निर्माण कराया जाए। इससे इंदौर से प्रयागराज तक की फोरलाईन कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। यह रोड भोपाल,सागर,कटनी होते हुए बुंदेलखंड,विंध्याचल और महाकौशल को पूर्ण रूप से 4 लेन कनेक्टिविटी से जोड़ेगा। जो व्यापार,पर्यटन और तेज यातायात के लिए यह मार्ग अत्यंत लाभकारी होगा। इन प्रस्तावों को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इन परियोजनाओं को जल्द प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

## पार्टी निर्णय अंतिम, मैं जब तक हूं कांग्रेस का हूंः आनंद प्रताप सिंह

**विदिशा/सिरोंज।** मप्र कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत विदिशा जिले में जिलाध्यक्ष की घोषणा के संबंध में मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि, संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत



विदिशा जिले की अभा कांग्रेस कमेटी से आई पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री ममता भूपेश द्वारा विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में 13 से 30 जून के बीच 10 दिनों में ब्लॉक स्तर पर एक-एक कार्यकर्ता और नेताओं से रायशुमारी कर जिला अध्यक्षों के नामों की पैनल बनाकर दिल्ली में हाई कमान को सौंपी। अतः राहुल गांधी की भावना अनुसार कार्यकर्ताओं की राय से ही जिला अध्यक्ष की नियुक्ति होंगी और पार्टी हाई कमान पर्यवेक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जिले की कमान जिसको भी सौंपेंगे हमें वह मंजूर होगा तथा हम नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का काम सदा की तरह करते रहेंगे।




## हरियाली अमावस्या के अवसर पर स्कूल परिसर में बच्चो ने किया पौधारोपण

**सिरोंज।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर बृज मेमोरियल हायर सेकेण्ड्री स्कूल संचालक व अध्यक्ष पं प्रशांत पालीवाल द्वारा विद्यालय परिवार व बच्चो के साथ स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर एक पेड मां के नाम स्कूल परिसर में नीबूं,जामफल,जामुन आदि के पौधे रोपे गए। साथ ही इन पौधे की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मादी बच्चों द्वारा ली गई। तो वही स्कूल संचालक पं प्रशांत पालीवाल ने कहा कि हरियाली अमावस्या का त्योहार पर्यावरण से जुड़ा होता है। यह त्योहार प्रकृति की अलग-अलग रूप में पूजा, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प एवं प्रकृति को कुछ देने का होता है। इसीलिए इस दिन घर, मंदिर, नदी के तट, तीर्थस्थल, धर्मशाला आदि स्थानों पर पेड़ लगाने तथा पौधों का दान करने से पुण्य फल मिलता है। कहा जाता है कि जैसे-जैसे पौधा बड़ा होता, वैसे ही दानकर्ता को शुभ फल मिलता है।



## विधायक जैन ने लोहिया पार्क में किया पौधरोपण पार्क के रखरखाव को लेकर दिए जरूरी निर्देश

**सागर।** सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने अपने प्रतिदिन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत सोमवार को संजय ड्राइव स्थित लोहिया पार्क में पौधरोपण किया और पार्क का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार मुख्य रूप से मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने नगर निगम अधिकारियों को पार्क की नियमित साफ-सफाई, रखरखाव और सुरक्षा के लिए चौकीदार की नियुक्ति के निर्देश दिए। साथ ही पार्क की सुरक्षा के लिए रिवॉल्विंग गेट लगाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। विधायक जैन ने कहा कि शहर के उद्यानों को हरा-भरा एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम और जनसहयोग से मिलकर लगातार कार्य किया जा रहा है। उनका उद्देश्य है कि नागरिकों को एक स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित पार्किंग क्षेत्र मिले। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, अमित सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# संयुक्त संचालक और विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



सहायक संचालक स्वाति दुबे एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी रहली आई एन तिवारी द्वारा सांदीपनि विद्यालय रहली, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली, शासकीय पीएमश्री हाई स्कूल सिमरिया नायक, शासकीय हाई स्कूल धनगुवां, शासकीय शाला खमरिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला बेलाग्राम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में छात्र छात्राओं से गुड टच बेड टच की जागरूकता हेतु संवाद किया, विद्यालयों में अध्ययनरतविद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, पुस्तक वितरण, शिकायत एवं सुझाव पेटी, शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शिक्षण कार्य, शिक्षकों की डैली डायरी का निरीक्षण किया। शासकीय हाई स्कूल धनगुवां में निरीक्षण दल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। सभी शिक्षकों को हमारे शिक्षक ऐप पर समय सीमा में अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए।

नवागत संयुक्त संचालक के लिए विकासखंड में स्कूलों में नियमितता बनाए रखने के लिए बहुत प्रयास करना होंगे, शिक्षा विभाग के तमाम निर्देशों के बाद भी पिछले दिनों जिले के अधिकारियों के आकस्मिक निरीक्षण में कुछ स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित मिले थे, जिससे प्रतीत होता हे कि रहली में शिक्षा विभाग का प्रशासनिक पावर काफी कमजोर नजर आ रहा हे। फिलहाल पहली पोस्टिंग हे समझने में वक्त लगेगा फिर भी यदि ऑफिस में वक्त बिताने से बेहतर होगा कि ऐसे ही लगातार निरीक्षण होते रहे तो व्यवस्था बहुत हद तक बनी रहेगी। अगले हफ्ते आई एन तिवारी जी सेवानिवृत हो रहे है उन्होंने शिक्षा विभाग में चल रही मनमर्जी पर काफी हद तक लगाम लगा रखी थी। लेकिन अब उनके सेवानिवृत होने के बाद नवागत अधिकारी जिनकी पहली पोस्टिंग हे उनके लिए प्रशासनिक दबाव बनाए रखने जवाबदेही तय करना है।



## अज्ञात चोरों के द्वारा जैन मंदिर में की गई सामान की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

दिगम्बर जैन मंदिर देवपुर में रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा मंदिर में रखे भगवान के आभूषण,सिक्के,मुद्रा सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई। जैसे ही प्रात काल मंदिर के पुजारी मंदिर में पहुचें तो उन्हें मंदिर के ताले टूटे व मंदिर के रखी सामग्री जहा वहा पडी मिली। तो वही उन्होने तत्काल मंदिर में चोरी की घटना की सूचना दिगम्बर जैन मंदिर देवपुर के अध्यक्ष नीलेश जैन को दी। जिन्होने मौके पर पहुचकर देखा तो मंदिर में भगवान के आभूषण सहित अन्य कीमते समान चोरो द्वारा चोरी किया गया। वही उन्होने मंदिर समिति के सदस्यो के साथ पुलिस थाने पहुचकर पुलिस को चोरी की घटना की

**छात्रों के मॉडल्स और तकनीकी प्रयोगों की प्रशंसा, संस्थान को बताया प्रदेश का उत्कृष्ट केंद्र**

# कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने विधायक शैलेंद्र जैन व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ किया सागर आईटीआई का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सोमवार को सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान संस्थान के प्रभारी प्राचार्य ए.के. डागोर ने उन्हें संस्थान की गतिविधियों, उपलब्धियों और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी।

विधायक जैन ने बताया कि सागर की आईटीआई प्रदेश के उत्कृष्ट तकनीकी संस्थानों में से एक है, जहां से प्रशिक्षित छात्र कई क्षेत्रों में सफलता पा रहे हैं। मंत्री टेटवाल और विधायक जैन ने छात्रों द्वारा तैयार किए गए तकनीकी मॉडल्स की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और वर्कशॉप में बनाई गई मशीनों का निरीक्षण किया, इस अवसर पर विधायक जैन ने बताया कि आईटीआई में कामकाजी महिलाओं को उनके कामों से संबंधित हमने एक प्रशिक्षण दिलाया था जिसमें वाशिंग मशीन का संचालन, डिशवॉशर का संचालन रेफ्रिजरेटर माइक्रोवेव सहित अन्य उपकरणों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई थी। इस ट्रेनिंग के पश्चात हमारी उन्ही बहनों को मिलने वाली तनख्वाह में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी हुई।निरीक्षण के बाद मंत्री टेंटवाल और विधायक जैन ने छात्रों, प्रशिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण संस्थान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर हैं।इस अवसर पर अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिसर में पौधारोपण भी किया गया ।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, अमित बैसाखिया, प्रासुख जैन, नितिन सोनी, अंशुल परिहार, जय सोनी, राहुल वैद्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
CIST COLLEGE • ALWAYS AHEAD •
CIST COLLEGE
E-pravesh code : P634
ADMISSION OPEN
B.B.A. PGDCA
CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.) | 07592-403481, 796042, 9893708149

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक / निविदा/25/773 // ई - टेंडर आमंत्रण सूचना // सिरोंज दिनांक-23/07/2025

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_438245_1 | वार्ड 19 काजी घाट ग्राउंड में युसुफ के घर से कंजी वाले कुए तक सीसी रोड निर्माण | 537668/- | 5400/- | 2000/- | 03 माह |

शर्ते – टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।
निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के स्टोर शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिरोंज

## खबर संक्षेप

### ग्राम घोंट में नवांकुर सखी कार्यक्रम आयोजित



**बाड़ी।** गुरुवार को नवांकुर संस्था घोंट में नवांकुर सखी कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि सरपंच कमल सिंह ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। माल्यार्पण के बाद कन्या पूजन, कलश पूजन यात्रा के बाद नवांकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समित गगनवाड़ा के अध्यक्ष द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गई। अतिथि द्वारा प्रत्येक नवांकुर सखी को 11 पौधे वितरण किए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी उनपर सौंपी गई। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, सरपंच कमल सिंह ठाकुर, नरोत्तम केवट, भगवत सिंह धाकड़, नवांकुर अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत, निरमेश राजोरिया, मेंटर्स राजेश नामदेव ब्लॉक समन्वयक सविता कावरे आदि उपस्थित रहे।

### कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों की हुई जांच

**रायसेन।** कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा उपसंचालक कृषि केपी भगत के मार्गदर्शन में गुरुवार को रायसेन शहर में कीटनाशक गुण नियंत्रण के लिए विशेष अभियान के तहत जिला स्तरीय जांच दल द्वारा विभिन्न कीटनाशक औषधि एवं उर्वरक विक्रेताओं के यहां निरीक्षण किया तथा उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। जांच दल द्वारा अनाया ट्रेडर्स दीवानगंज, मेसर्स पटेल एग्रो सेल्स दीवानगंज, श्रीराम ट्रेडर्स दीवानगंज, मीना ट्रेडर्स दीवानगंज, शिखर ग्रीन कृषि सेवा केन्द्र सांची, राधाकृष्ण कृषि सेवा केन्द्र बेरखेडी चौराहा एवं मधुर एग्रोटेक सलामतपुर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं बीते दिन की जांच कार्रवाई में तीन दुकानों पर नकली कीटनाशक दवा मिलने पर टीम द्वारा एक दुकान को सील कर दिया है।

### भारी बारिश से निचली बस्तियों में भराया पानी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

# झमाझम बारिश से तरबतर हुआ जिला नदी-नाले उफान पर, टूटा सड़क संपर्क

**633** अब तक मिमी बारिश | **30.9** मिमी 24 घंटे में बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरु हो गया है। बुधवार और गुरुवार को रुक-रुककर दिनभर बारिश हुई। मौसम विभाग ने रायसेन जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही 26 और 27 जुलाई को जिले में भारी बारिश की चेतावनी दी है। जिले में पिछले 24 घंटे में 30.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश में फिलहाल मानसून ट्रफ और दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव हैं। इस वजह से प्रदेश के जिलों में बारिश का दौर शुरू हुआ है। अगले चार दिन तक कहीं भारी तो कहीं अति भारी बारिश का अलर्ट है।

#### बेगमगंज का सुल्तानगंज से दो दिनों से टूटा सड़क संपर्क

क्षेत्र में 12 घंटे से हो रही भारी बारिश के चलते आसपास के सभी नदी नाले उफान पर आ गए हैं। सेमरी नदी एवं बीना नदी पर बने छोटे पुल एवं रपटे जलमग्न होने से लोगों का आवागमन बंद हो गया है। जबकि बेगमगंज-सुल्तानगंज मार्ग पांडाझिर के पास दुधई नदी पर ठेकेदार द्वारा बनाया गया अस्थाई रपटा 5वीं बार फिर से टूटकर बह गया, जिससे आवागमन बंद है।

भारी बारिश से बीना नदी का बेरखेड़ी घाट जलमग्न होने से बेगमगंज-ग्यारसपुर-हैदरगढ़-विदिशा का संपर्क टूट गया है। वहीं बीना नदी के बर्री कला घाट जलमग्न है। बेगमगंज के कॉलेज के पीछे से निकला चकला नाले के ऊपर पानी बढ़ने से मानपुर, सोंठिया, कोहनियां, ढिमरोली का सड़क संपर्क टूट गया है।

#### सेमरी नदी भी उफान पर

सेमरी नदी का नैनविलास घाट भी जलमग्न होने से रात से ही आवागमन बंद है। इसके अतिरिक्त नगर के वार्ड क्र. 1 - माला फाटक, जगदीश मंदिर क्षेत्र, मंडी, मकबरा, चुरक्का परासरी एवं दशहरा मैदान के पीछे रहवासी क्षेत्र तक पानी बढ़ने से कुछ घरों में भर गया। जिससे घर गृहस्थी का सामान खराब होने की शिकायत पीड़ित व्यक्तियों ने प्रशासन से की है।

**कहां कितनी बारिश**

मिलीमीटर में बारिश

| | |
|---|---|
| रायसेन | 427.8 |
| गैरतगंज | 587.4 |
| बेगमगंज | 853.4 |
| सिलवानी | 780.4 |
| गौहरगंज | 369 |
| बरेली | 677.6 |
| उदयपुरा | 860 |
| बाड़ी | 494 |
| सुल्तानपुर | 528 |
| देवरी | 752.5 |

**पहली बार बारना बांध के खुले चार गेट और फिर कर दिए बंद**



# 24 घंटों से जोरदार बारिश से नदी नालों में उफान, नर्मदा नदी का भी बढ़ा 'जलस्तर'

**बरेली।** बुधवार को संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में जोरदार बारिश के असर से क्षेत्र के नदी नालें उफान मारने लगे है। बीती रात बाड़ी स्थित बारना बांध के सीजन में पहली बार रात 10 बजे 4 गेट एक-एक मीटर खोल कर बांध से 10 हजार क्यूसिक पानी निकालना शुरू किया। रात 3 बजे जल स्तर कम होने पर खोले गए गेट बंद भी कर दिए गए।

बारना बांध का जल स्तर 346.09 मीटर के आसपास बना हुआ है। यदि तेज बारिश होती है, तो पुनः बांध के गेट खोले जा सकते है।

#### नर्मदा मैया का बढ़ रहा जल स्तर

एक सप्ताह बाद पिछले 2 दिनों से संपूर्ण क्षेत्र में जोरदार बारिश होने से संपूर्ण क्षेत्र में जोरदार बारिश होने से क्षेत्र के नदी नालों में पानी उफान मारने लगा है।

बारना, घोघरा, तेदौनी, इक्यावन नदियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों छोटे-बडे नाले नर्मदा मैया में मिलते है। इसी कारण नर्मदा मैया में जल स्तर बढ़ता नजर आ रहा है।



**इनका कहना है**

बांध का जल स्तर 346.09 मीटर बना हुआ है। बीती रात 10 बजे बांध के 4 गेट एक-एक मीटर खोले गए थे। जल स्तर कम होने पर रात 3 बजे खुले गेट बंद कर दिए।
**- चेतन नरगेश,** एसडीओ, बारना बांध बाड़ी

#### *दिनभर होती रही बारिश*

*गुरूवार सुबह से दिनभर कभी तेज कभी धीमी बारिश का सिलसिला बना रहा। हरियाली अमावस्या का किसानों, ग्रामीणों द्वारा देवी देवताओं और धरती माँ की पूजन कर पर्व मनाये जाने की परंपरा है। वही हरियाली अमावस्या पर दिन भर संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र बारिश से भींगता रहा। दो दिनों से बारिश की झड़ी लगने से मौसम सुहावना हो गया।*

#### *धान रोपाई का कार्य तेज*

*एक हफ्ते से बारिश न धान की रोपाई का कार्य प्रभावित होने लगा था। बुधवार और गुरूवार को हुई रूक-रूक कर जोरदार बारिश से अब धान के खेतों में पानी भरने से धान रोपाई का कार्य तेज हो गया है। जुलाई माह में अधिकांश धान रोपाई होने की संभावना बन रही है।*




**राम मंदिर के रपटे पर 2 फीट पानी आने से जमुनिया पुरा से टूटा संपर्क**

### लगातार बारिश से उफनती तेंदोनी नदी का पानी आया पुल पर

**सिलवानी।** बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर बने हुए है। उफनती नदी का पानी पुल पर आ जाने से उदयपुरा सिलवानी मार्ग गुरुवार को करीब 2 घंटे बंद रहा, जिससे लोगों का परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार दोपहर से बारिश का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो गुरुवार तक जारी रहा। अनबरत बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

सिलवानी-उदयपुरा मार्ग पर स्थित तेंदोनी नदी उफान पर आ गई। उफनती नदी का पानी करीब 2 फिट पुल पर आ गया, जिससे करीब 70 ग्रामों सहित उदयपुरा का तहसील मुख्यालय से संपर्क कट गया। बताया गया है कि बुधवार की शाम के समय उफनती तेंदोनी नदी को पार करने क लिए बाइक सवार ने अपनी बाइक डाल दी लेकिन तेज बहाव में सवार अपना संतुलन खो बैठा जिससे बाइक पानी में बहने लगी। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला।

लगातार बारिश से नगर के वार्ड 1 जमुनिया पुरा जाने वाले मार्ग पर स्थित बेगम नदी पर बने रिपटे पर उफनती नदी का पानी आ जाने से तहसील मुख्यालय से जमुनिया पुरा तथा बगियापुरा का संपर्क कट गया। दोनों ही मौहल्ला के रहवासी घरो में कैद होकर रह गए। छात्र-छात्राए स्कूल नहीं जा सके।

#### पुल पर पानी हो तो न करें पार

*जिले में भी मानसून सक्रिय है। बारिश के कारण पुल-पुलिया या रपटे पर बाढ़ का पानी होने पर बैरियर लगाकर आवागमन रोकने के निर्देश शासन द्वारा दिए हैं। ऐसे नाले, रपटे, छोटे-बड़े पुल-पुलिया जहां बारिश का जल तेजी से बढ़ता है और दुर्घटना की आशंका रहती है, वहां पर भी सुरक्षा की अतिरिक्त सावधानियां बरती जाने के निर्देश दिए गए हैं। वर्षा के चलते किसी भी प्रकार के जान-माल का नुकसान न होने पाए, सभी का यही प्रयास होना चाहिए। नागरिक से भी आग्रह किया गया है कि आवागमन के दौरान सड़क पर या किसी पुल-पुलिया में बाढ़ का पानी तेजी से आ रहा हो, तो नागरिक उसमें आने-जाने से बचें।*

## सांची विश्वविद्यालय में गुरु शिष्य परंपरा पर परिचर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में गुरु-शिष्य परंपरा पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। भारतीय शिक्षण मंडल के साथ आयोजित परिचर्चा में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव और डीन प्रो. नवीन कुमार मेहता ने कहा कि ज्ञान के समान कोई वस्तु शुद्ध नहीं है। उन्होंने श्री कृष्ण के गुरु संदीपनि, चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु चाणक्य, विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस और शिवाजी के गुरु रामदास स्वामी पर परिचर्चा की।

भारतीय शिक्षण मंडल के क्षेत्रीय संगठन मंत्री कौशल प्रताप सिंह ने कहा कि भारत में ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिससे भारत के अंदर भारतीयता की आत्मा हो, भारतीयता के मूल्य हों....जिससे भारत, भारत बना रहे।

## निराला समिति ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

### उपजेल में नशा मुक्ति पर काव्य एवं विचार गोष्ठी

◆ कैदियों की कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में हिन्दी साहित्य कवि सम्मेलनों का पिछले 3 दशकों से आयोजन करने वाली संस्था श्री निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत उपजेल में नशा मुक्ति जागरूकता पर काव्य एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उप जेल में निरूद्ध केदियों की कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी रही।

जेएस ठाकुर की अध्यक्षता में उपजेल में हुए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में उपजेलर विनय गढवाल द्वारा सभी अतिथियों, निराला समिति के सदस्यों का स्वागत किया।




कार्यक्रम में नशा मुक्ति को लेकर कवि प्रेमनारायण साहू एवं देवी जैन द्वारा कविता पाठ कर नशा प्रवृति से होने वाली हानि से अवगत कराया। अवध नारायण सक्सेना एवं सईद पठान ने नशा प्रवृति से होने वाले विभिन्न प्रकार की हानियों से अवगत कराया। समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ ने संस्था की गतिविधियों की जानकारियां देते हुए नशा मुक्ति अभियान के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण साहू ने एवं सभी का आभार प्रमोद राय ने व्यक्त किया।

### हरियाली अमावस्या पर सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ पौधरोपण

**बरेली।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत हरियाली अमावस्या पर पर्यावरण संरक्षण के लिए भैया बहिनों द्वारा पौधरोपण किया। विद्यालय के पूर्व छात्र अंकित पटेल, ब्रजमोहन धाकड़,विक्रांत राजौरिया, धर्मेंद्र धाकड़, आकाश साहू, विमलेश विश्वकर्मा सहित अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण में सहभागिता रही।

विद्या भारती के पर्यावरण संरक्षण पखवाड़ा मनाने हुए कार्यक्रम में सेवा भारती और संस्था के सचिव हीरेंद्र मालवीय, सेवा भारती के सचिव बीएस किरार, विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। प्राचार्य तिवारी ने कहा कि देश, धरती माँ हमें सब कुछ देती है। हम भी कुछ देना सीखें, इसी भाव से पौधरोपण करना सभी का दायित्व और कर्त्तव्य है। कार्यक्रम का संचालन दीदी आरती सोनी एवं अतिथि परिचय आचार्य दुबे ने कराया।

**पुलिस ने 16 आरोपियों को भेजा जेल**

### श्रीराम फाइनेंस में लोन के नाम पर 41 लाख रुपए का फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

थाना कोतवाली के तहत श्रीराम फाइनेंस कंपनी में करीब 41 लाख रुपये का फर्जी लोन फाइनेंस घोटाला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने इस ऋण गड़बड़ी के मामले में इस कंपनी से जुड़े 16 लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया, जिसमें कंपनी के 5 कर्मचारी भी शामिल हैं। जो एजेंटों की फर्जी ऋण मंजूर कराने में मदद करते थे।

इसके अलावा एक युवक रायसेन, 5 युवक गैरतगंज तथा 5 अन्य युवक शामिल हैं। रायसेन




एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि 16 आरोपियों के खिलाफ धारा 420 एवं अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जिला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से मजिस्ट्रेट ने उन्हें जिला जेल पठारी भेज दिया है।

### मन की बात को लेकर भाजपा की बैठक आज

**रायसेन।** भाजपा जिला कार्यालय में 25 जुलाई को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, रायसेन मण्डल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि एक पेड़ मां के नाम और पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर होगी। इस बैठक में मंडल स्तर पर100 फीसदी बूथ स्तर पर करने पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने भाजपा के समस्त पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## रवि पुष्य और शिववास योग में श्रद्धाभक्ति के माहौल में मनाई 'हरियाली अमावस्या'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को रवि पुष्य शिववास योग में श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभक्ति के माहौल में हरियाली अमावस्या मनाई गई। हरियाली अमावस्या पर लोगों ने पेड़-पौधों की पूजा-अर्चना की तथा पौधरोपण भी किया। हरियाली अमावस्या पर 25 वर्ष बाद रवि पुष्य योग, अमृतसिद्धि योग, हर्षण और शिववास योग का शुभ संयोग बना।

हरियाली अमावस्या के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा देव स्थलों, देवी देवताओं के चबूतरों, मंदिरों में प्रसाद एवं पकवानों का भोग लगाया गया तथा मत्था टेककर घरों में सुख-समृद्धि व परिवार की खुशहाली की कामना की गई। सुबह से लेकर शाम तक पूजन हवन आरती का सिलसिला लगातार जारी रहा। रिमझिम बारिश की परवाह ना करते हुए श्रद्धालु देवी देवताओं की पूजन के लिए धार्मिक स्थलों पर पहुंचे।

### हरियाली अमावस्या पर मंदिरों में रही भीड़ कुल देवताओं के दरबार में की पूजा-अर्चना

**हरिभूमि न्यूज, दीवानगंज।** हरियाली अमावस्या पर नगर सहित आसपास गांव के सभी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए। इसके साथ ही दिनभर मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। अमावस्याओं में वर्ष की सबसे बड़ी मानी जाने वाली हरियाली अमावस्या के साथ ही 24 अगस्त से हिंदुओं के पर्व-त्यौहारों की शुरुआत हो जाएगी। इस अमावस्या पर अधिकांश घरों में अपने-अपने कुलदेवी और कुलदेवताओं की पूजा की गई। ल्हा देव, नरसिंह देव, मरहाई-देसाई माता सहित अन्य देवी देवताओं को मनाने के लिए विशेष अनुष्ठान किए गए।



हिंदू पौराणिक मान्यताओं में भी हरियाली अमावस्या का विशेष महत्व है। खेत सूने रहे क्योंकि परंपरा के अनुसार हरियाली अमावस्या के दिन कृषि कार्य नहीं किया जाता है। इस दिन किसानों ने अपने खेतों में पूजा अर्चना की तो किसी ने हल-बक्खरों का पूजन किया। कई ग्रामीणों ने जंगलों में कुल देवता रहते थे वहां जाकर पूजा अर्चना की।

**प्रधान जिला न्यायाधीश, कलेक्टर और एसपी ने किया पौधरोपण**

## विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रकृति की रक्षा के लिए चलाए जा रहे 'पंच ज' अभियान के तहत खरबई में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 24 जुलाई को प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में विधिक सेवा, प्रकृति की रक्षा के लिए 'पंच ज' अभियान के अंतर्गत 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक संचालित प्रदेश व्यापी पौध रोपण विशेष अभियान के तहत वन विभाग रायसेन के समन्वय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चिड़िया टोल खरवई में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पाण्डे, वन मण्डलाधिकारी प्रतिभा शुक्ला सहित जिला न्यायालय रायसेन के समस्त न्यायाधीशगणों द्वारा पौधरोपण किया गया।




पौधरोपण कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति की रक्षा एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण से बचाव के लिए आज के समय में अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। इसलिए आमजन भी प्रकृति की रक्षा के लिए अधिक पेड़ लगाएं।

#### अधिक संख्या में करें पौधरोपण

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने पौधरोपण के संबंध में बताया कि वर्तमान में अधिक से अधिक पौधरोपण करना हम सभी की जरूरत भी है और कर्तव्य भी। आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित, स्वस्थ तथा बेहतर जीवन के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण जरूरी है। रोपित पौधों की देखभाल, सुरक्षा भी करनी चाहिए जिससे कि वह पौधे बड़े होकर पेड़ का आकार ले सकें। उन्होंने कहा कि तापमान संतुलन के लिए भी पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है।

#### पेड़ों का जीवन में बड़ा महत्व

एसपी श्री पाण्डे द्वारा अपील करते हुए कहा कि पौधरोपण का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए समस्त नागरिकों का यह कर्त्तव्य है कि वे समय-समय पर अधिक से अधिक पौधे रोपे और उनका संरक्षण भी करें। कार्यक्रम में हर्षिनी यादव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन द्वारा अभियान के संबंध में जानकारी दी गई।